नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 250   डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, मंगलवार 19 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

जिले में बच्चों की भाषाई एवं गणितीय दक्षता विकास हेतु...



पेज -4 पर

कलेक्टर ने किया बेरला के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

हाईकमान से मिलेंगे

## टीएस सिंहदेव ने डाला वोट, कहा-ठीक से काम नहीं कर पा रहा था, इसलिए दिया इस्तीफा

रायपुर। देश के 16वें राष्ट्रपति के चुनाव के लिए सोमवार सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हो गया है। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी मतदान करने के लिए पहुंचे। उनके साथ विधायक छन्नी साहू और शैलेष पांडेय भी थे।

विधानसभा में सिंहदेव को देखते ही विधायक कुलदीप जुनेजा उनके पास गए और फिर मतदान कराया। मतदान के बाद सिंहदेव ने मीडिया से कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। वह विभाग में सफल नहीं हो पा रहे थे। ठीक से काम भी कर पा रहे थे। इसके चलते खुद को अलग कर लिया। सिंहदेव ने कहा कि वह 20 जुलाई को गुजरात जा रहे हैं। वहां से दिल्ली जाएंगे और पार्टी हाईकमान से मिलेंगे। पंचायत विभाग से इस्तीफे के बाद पहली बार सिंहदेव मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि कई विधायक अनुभवी हैं। उनका कार्यकाल भी लंबा है। अगर उनको लगता है कि इस्तीफा अनुशासनहीनता है तो सभी को स्वतंत्रता है। मैंने अपनी राय उस पत्र के माध्यम से व्यक्त की थी।




सिंहदेव ने कहा कि केंद्रीय पंचायती राज मंत्री छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री आवास और रोजगार गारंटी में यहां बहुत खराब काम हो रहा है। इसका मुझे बुरा लगा। जब काम अच्छा नहीं हो रहा है तो मैं भी विभाग में न रहूं। हो सकता है कि बेहतर काम हो सके। मुझे महसूस हुआ कि उस विभागीय मंत्री के रूप में मैं कारगर नहीं हो पा रहा हूं।

### अशोक गहलोत की मीटिंग में होंगे शामिल

*स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वे गुजरात जा रहे हैं। वहां अशोक गहलोत जी ने अहमदाबाद में 20 जुलाई को मीटिंग रखी है। वहां से फिर दिल्ली जाऊंगा। जब व्यक्ति दिल्ली में होता है तो हाईकमान से मिलने का समय भी मांगता है। वहां मिलता है या नहीं मिलता है, उसके हिसाब से मुलाकातें होती हैं। दिल्ली जाने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित है।*

## रोज एक फ्लाइट अंतरिक्ष के लिए भरेगी उड़ान, करोड़ों में टिकट के दाम

**नई दिल्ली**। अभी छुट्टी मिलते हीं आप गोवा-दिल्ली-मुंबई-हिमाचल-केरल, मसूरी या माउंट आबू घूमने का प्लान बना लेते हैं लेकिन सोचिए जल्द ही आपको अंतरिक्ष तक घूमने का मौका मिल सकता है. वो दिन दूर नहीं जब साल में 400 फ्लाइट्स धरती से उड़ान भरेंगी यानी औसतन रोजाना एक से भी ज्यादा फ्लाइट. आपको लगता होगा कि ये कोई सपना है तो जान लीजिए कि कई लोग अंतरिक्ष की सैर करके आ भी गए और दुनिया में हमारे-आपके जैसे 800 से अधिक लोगों ने अंतरिक्ष की फ्यूचर ट्रिप के लिए टिकट भी बुक करा लिया है. अंतरिक्ष यात्रा के लिए इनकी ट्रेनिंग भी जारी है और जल्द ही वे खुद को तैयार कर रहे हैं इस जहां के पार सैर पर ले जाने की. स्पेस टूरिज्म जैसे महंगे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए आगे आए हैं दुनिया के तीन महाअमीर... रिचर्ड ब्रैनसन की कंपनी Virgin Galactic, जेफ बेजोस की कंपनी Blue Origin और एलॉन मस्क की कंपनी SpaceX इस दिशा में सफलता पाने वाली शुरुआती कंपनियों में से हैं।



**दुनिया** के सबसे अमीर शख्स एलॉन मस्क की कंपनी Space-X ने साल 2021 में चार लोगों को अंतरिक्ष की सैर कराई थी. करोड़ों की इस ट्रिप को अमेरिकी कारोबारी Jared Isaacman ने स्पॉन्सर किया था और बाकी के तीन लोगों को अलग-अलग फील्ड से अपने साथ ले जाने के लिए चुना था. Virgin Galactic और Blue Origin के बाद Space-X तीसरी ऐसी कंपनी थी जिसने अंतरिक्ष टूरिज्म के लिए ट्रिप मुहैया कराई।

## एक नजर

### सूने मकान से डेढ़ लाख के जेवर पार

**रायपुर** । पिरदा के हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने डेढ़ लाख के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलनारायण वर्मा 35 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी पिरदा में रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने परिवार के साथ कही बाहर गया था। तभी 16-17 जुलाई के मध्य अज्ञात चोर ने सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जेवर की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हाइवा चालक ने गाय को मारी टक्कर

**रायपुर** । उरकुरा मोड़ के पास हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हहुए गाय को ठोकर मार दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभिषेक शुक्ला 22 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि उरकुरा मोड़ के पास हाइवा क्रमांक सीजी 04 एनबी 1048 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए गाय को ठोकर मार दिया।

## राजधानी में नग्न होकर प्रदर्शन, 12 हिरासत में

अनुसूचित जाति वर्ग के लोग बोले-हमारे साथ अत्याचार हो रहा; बिलासपुर में पहले ही रोके गए

**रायपुर**। सोमवार की दोपहर रायपुर की सड़क पर अजीब हालात देखने को मिले। अंबेडकर चौक के पास रायपुर की पुलिस कुछ लड़कों से धक्का-मुक्की करती दिखी। लड़कों के शरीर पर कपड़े नहीं थे वो नारेबाजी कर रहे थे। इन लड़कों के तन को स्कार्फ से ढंककर पुलिस इन्हें जबरन पेट्रोलिंग वाहन में बैठा रही थी। नग्न अवस्था में ये लड़के पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। पता चला कि ये लड़के अनुसूचित जाति समाज से ताल्लुक रखते हैं। ये युवक प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग पर अत्याचार का दावा करते हुए इस विरोध



प्रदर्शन में शामिल हुए। युवकों ने कहा कि लगातार रायपुर, बिलासपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में कहीं अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ मारपीट हो रही है, कहीं हत्या तो कहीं उनकी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। मगर जिम्मेदार इनकी नहीं सुन रहे, इन्हें न्याय नहीं मिल रहा, इसलिए ये विरोध प्रदर्शन किया गया।

## भारी मालवाहकों और अवैध पार्किंग पर पुलिस का जोर नहीं

**रायपुर.** राजधानी का रिंग रोड नंबर-2 ट्रक और अन्य भारी वाहनों की पार्किंग का अवैध ठिकाना बन गई है। टाटीबंध चौराहे पर यातायात थाने के आसपास ही अवैध पार्किंग होती है। अवैध पार्किंग होने की वजह से कई हादसे होने के बावजूद यातायात पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती।

### सर्विस रोड में गैरेज और ढाबे वालों का कब्ज़ा

रिंग रोड में टाटीबंध से लेकर भनपुरी चौक तक सड़क के दोनों तरफ गैरेज और ढाबे वालों ने अपना कब्ज़ा जमा रखा है। ढाबे वाले सर्विस रोड पर ही टेबल-कुर्सी लगाकर खाना खिलते हैं। वहीं गैरेज वाले भी रोड पर ही गाड़ियों की रिपेयरिंग करते नज़र आते हैं। इसके चलते दो पहिया वाहन चालकों को खतरा मोल लेकर मेन रोड से ही आना- जाना पड़ता है।

अवैध पार्किंग- रिंग रोड नंबर-2 पर



रात में दुर्घटना की ज्यादा संभावनाएं

ट्रक वाले सोने और खाने के लिए सर्विस रोड और मेन रोड पर ट्रक को खड़े कर देते हैं। दिन में तो कुछ हद तक दो पहिया चालक और राहगीर बचकर आवाजाही कर लेते हैं, लेकिन रात में उन्हें ज्यादा खतरा रहता है।

### पुलिस कर रही अनदेखी

पुलिस का पेट्रोलिंग वाहन और परिवहन विभाग की गाड़ियां रोज़ सड़क से गुजरती है, लेकिन सड़क पर लगे भारी वाहनों की लाइन को वे भी अनदेखा कर गुजर जाते हैं।

### पार्किंग के लिए जगह, फिर भी मनमानी

ट्रक और भारी मालवाहकों के लिए रिंग रोड में पार्किंग के लिए कई जगह निजी पार्किंग स्पॉट भी बनाए गए हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में भी इनके लिए जगह दी गई है, लेकिन ट्रक चालक मनमानी कर सड़क पर ही गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं।

सावन का पहला सोमवार

## छत्तीसगढ़ के शिव मंदिरों में आस्था के रंग, दो साल बाद फिर हर-हर महादेव

**रायपुर**। आज सावन का पहला सोमवार है। छत्तीसगढ़ के मंदिर करीब दो साल बाद फिर से बोल बम के जयकारों से गूंजने लगे हैं। रायपुर में महादेव घाट स्थित हटकेश्वर नाथ से लेकर कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के रतनपुर व मल्हार से लेकर बस्तर के गुमरगुंडा शिवालय तक हर-हर महादेव के स्वर सुनाई देते रहे। कोरोना संक्रमण के चलते करीब 2 साल बाद फिर से शिव भक्तों का जयकारा सुनाई दिया। कवर्धा में जहां पैदल यात्रा निकाली गई, वहीं धमतरी में भी कांवड़ यात्रा निकली।



शिव मंदिरों से सावन के इन रंगों को 10 तस्वीरों में देखें। गरियाबंद के राजिम स्थित कुलेश्वर महादेव। इस मंदिर को अष्टकोणीय बनाया गया है। मंदिर की ऊंचाई 17 फीट है। मंदिर की वास्?तुकला में एक मंडप शामिल है जो 26 फीट लंबा है। मंदिर में बने स्?तंभों में कई देवी और देवताओं की मूर्ति बनी हुई है। सावन के पहले सोमवार को मंदिर में स्थापित शिवलिंग का पुष्पों से श्रृंगार किया गया।

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से 24 लाख से ज्यादा लोगों का इलाज

रायपुर। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य के माध्यम से 24 लाख से ज्यादा लोगों का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सा दल शहरों में गरीबों की बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों का इलाज नि:शुल्क कर रहे है।

गरीब लोग कई कारणों से अस्पताल तक नही पहुंच पाते थे। जिससे उनका इलाज नहीं हो पाता था। परन्तु मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गरीबों की पीड़ा को समझा। गरीबों का इलाज करने उनके घर पर ही डॉक्टर पहुंचे ऐसी परिकल्पना उन्होंने की।




मुख्यमंत्री स्वास्थ्य स्लम योजना के तहत करीब 24 लाख से ज्यादा लोगों का इलाज छत्तीसगढ़ के शहरी इलाकों की स्लम बस्तियों में किया जा चुका है। शहरों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन घूम-घूम कर गरीबों का इलाज कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के शहरी क्षेत्रों की स्लम बस्तियों में निवासरत लोगों को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश के शहरी क्षेत्रों की स्लम बस्तियों में निवासरत लोगों को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा 24 लाख से ज्यादा लोगों को नि:शुल्क इलाज मुहैया कराया गया है।

नौनिहाल.. स्कूल खुले एक माह पूरे- अब तक पुस्तक-ड्रेस का शत-प्रतिशत वितरण नहीं

## पुरानी यूनिफॉर्म पहनकर जाने को मजबूर नौनिहाल

**रायपुर**। राजधानी सहित प्रदेश में स्कूल खुले एक माह से ज्यादा का समय हो गया, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन स्कूल के प्राचार्यों से नहीं करवा पाए हैं। स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले छात्र पुरानी ड्रेस और बिना पुस्तक शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर हैं। रायपुर जिले के शासकीय स्कूलों में स्कूल ड्रेस और पुस्तकों के वितरण का आंकड़ा 70 प्रतिशत के उपर नहीं गया है। विभागीय अधिकारी जल्द से जल्द वितरण शत प्रतिशत पूरा कराने का दावा कर रहे है, लेकिन विभागीय अधिकारियों के दावों को प्राचार्य और व्याख्याता खोखला साबित कर रहे



है। नोडल कार्यालयों से कई प्राचार्यों ने पुस्तक नहीं उठाया है और इस वजह से छात्र बिना पुस्तक शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर है।

**सभी को दिया है निर्देश**

जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया, कि सभी प्राचार्यों और व्याख्याताओं को स्कूलों में पुस्तक और ड्रेस 16 जून से पहले वितरित करने का निर्देश दिया था। जिन स्कूलों में वितरण पूरा नहीं हो पाया था, उन्हें 10 जुलाई से पूर्व वितरण करने के लिए कहा गया था। दो बार समय देने के बाद भी जहां वितरण नहीं हो पाया है, वहां निरीक्षण किया जाएंगे और सूचना सही पाए जाने पर रिपोर्ट बनाकर संचालक को भेजी जाएगी।

### कार्रवाई का डर नहीं

*स्कूल शिक्षा संचालक ने 16 जून से पूर्व पुस्तक और ड्रेस शत-प्रतिशत वितरण करने का निर्देश प्राचार्य और व्याख्याता को दिया था। इसके साथ ही सहायक संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों व नोडलों को स्कूलों का औचक निरीक्षण करने और योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होने पर रिपोर्ट संचालनालय भेजने का निर्देश दिया था। स्कूल शिक्षा सचिव ने पिछले दिनों स्कूलों का निरीक्षण करके योजना का क्रियान्वयन नहीं होने पर प्राचार्य और व्याख्याता की वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई भी की है।*

## एम्स में बर्न रोगियों के उपचार के लिए प्रत्येक मंगलवार को विशेष क्लीनिक

**रायपुर.** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में रोजाना करीब 40 मरीज जलने पर इलाज के लिए या प्लास्टिक सर्जरी के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग में अब प्रत्येक मंगलवार को इसके लिए पोस्ट बर्न डिफार्मेटी विशेष क्लीनिक का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभाग के लिए ओटी और अलग से आईसीयू को भी जल्द शुरू किया जाएगा। जलने से प्रभावित रोगियों की संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नए क्लीनिक का उद्घाटन करते हुए डायरेक्टर प्रो. डॉ. नितिन एम. नागरकर ने कहा, बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी के रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सड़क



दुर्घटनाओं में घायल हो या विभिन्न कारणों से जलने वाले रोगी, सभी निरंतर प्लास्टिक सर्जरी के लिए पहुंच रहे हैं। अग्नि, रसायन, बिजली आदि से जलने के बाद बड़ी संख्या में रोगियों को प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता होती है। ऐसे में विभाग के लिए स्पेशल क्लीनिक, आईसीयू और ओटी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मंगलवार को विशेष क्लीनिक शुरू किया जा रहा है। इससे रोगियों को काफी मदद मिलेगी।

# मानसून सत्र में मुद्दे, 24 विधेयक होंगे पेश

संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है, जो आगामी 12 अगस्त तक चलेगा। मानसून सत्र में केंद्र सरकार 24 विधेयक पेश करने वाली है। इसमें वन संरक्षण संशोधन विधेयक, ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक, परिवार अदालत संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय रेल परिवहन संस्थान को गतिशक्ति विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने संबंधी विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा, सरकार चार ऐसे विधेयक भी पेश करेगी, जिस पर संसद की स्थायी समितियों ने विचार किया है। जबकि विपक्ष की योजना है कि सरकार को जवाबदेह बनाया जाए और मुद्दों पर बहस हो।

पिछले कुछ सत्रों से देखा जा रहा है कि विपक्ष के हंगामे के कारण सरकार बिना बहस के विधेयकों को पारित करवा लेती है। संसद की कार्यवाही स्थगित होने से सरकार को ही फायदा मिलता है। इस मानसून सत्र में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें विपक्ष संसद में उठाना चाहेगा, जिनमें खाद्य पदार्थों की महंगाई, ईंधन की कीमतों में वृद्धि, अग्निपथ योजना, चीन के साथ गतिरोध का मुद्दा, पहली बार देश में डिजिटल मीडिया को विनियमित करने के लिए लाए जाने वाले नए कानून आदि शामिल होंगे। पिछले बजट सत्र के दौरान लोकसभा में 129 फीसदी और राज्यसभा में 98 फीसदी कामकाज हुआ था।

लेकिन मानसून सत्र से ठीक पहले देश के प्रधान न्यायाधीश ने चिंता जताई है कि विपक्ष की जगह सिमट रही है। यह किसी भी संसदीय लोकतंत्र के लिए अच्छी



**पिछले कुछ सत्रों से देखा जा रहा है कि विपक्ष के हंगामे के कारण सरकार बिना बहस के विधेयकों को पारित करवा लेती है। संसद की कार्यवाही स्थगित होने से सरकार को ही फायदा मिलता है।**

खबर नहीं है। पिछले दिनों जो घटनाएं हुई हैं, उनसे दो चीजें पता चलती हैं। वैसे तो भाजपा का रवैया पहले से ही आक्रामक रहा है, लेकिन हालिया घटनाओं से स्पष्ट है कि वह विपक्ष के प्रति और आक्रामक हो गई है। जबकि विपक्ष और भी कमजोर होता जा रहा है तथा उसकी जगह लगातार सिकुड़ती जा रही है। इसलिए लगता है कि संसद का यह सत्र हंगामेदार रहने वाला है। इसी सत्र में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव भी होंगे, जिनमें भाजपा हावी रहेगी। संसद सत्र के पहले दिन ही राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान होगा और यह लगभग पक्का है कि द्रौपदी मुर्मू अच्छे मतों के साथ राष्ट्रपति चुनी जाएंगी। एक आदिवासी महिला का देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुना जाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमें यह नहीं मालूम कि इससे आदिवासियों की जिंदगी में कितना फर्क आएगा, लेकिन उनके मन में यह भावना पैदा हो सकती है कि मैं भी देश के सबसे शीर्ष पद को हासिल कर सकता या कर सकती हूं। भाजपा ने सोची-समझी रणनीति के तहत राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना। हिंदी भाषी प्रदेश और पश्चिमी भारत भाजपा के गढ़ हैं। हिंदी पट्टी और पश्चिमी भारत में जो सात-आठ राज्य आते हैं, वहां आदिवासियों की बड़ी संख्या है। भाजपा को लगता है कि पिछले दस वर्षों में उसके खिलाफ जो थोड़े-बहुत सत्ता-विरोधी रुझान पैदा हुए होंगे, उसकी भरपाई आदिवासी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने से हो जाएगी। दूसरी बात यह है कि द्रौपदी मुर्मू संथाल हैं और भाजपा की नजर पूर्वी राज्यों-ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड पर है, जहां संथालों की बड़ी आबादी रहती है। इसलिए भाजपा चाहती है कि संथाल मतदाता विपक्ष के खेमे से निकल कर भाजपा के पाले में आएं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान छह को होगा, और उसमें अलग ही समीकरण काम कर रहा है। राजग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किया है, जो जाट समुदाय से आते हैं और मूलतः राजस्थान से ताल्लुक रखते हैं। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में जाटों की बड़ी आबादी रहती है। किसान आंदोलन के दौरान जाट समुदाय के बहुत से लोग भाजपा से विमुख हो गए थे, जिन्हें फिर से भाजपा अपने खेमे में लाने की कोशिश कर रही है। भाजपा की नजर अब राजस्थान पर है। पिछले दिनों की घटनाओं के आधार पर भाजपा को लगता है कि वह फिर से राजस्थान में जीत सकती है, क्योंकि हिंदू मतदाताओं का ध्रुवीकरण हो सकता है। धनखड़ का जाट और राजस्थानी होना उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाने का प्रमुख कारण हो सकता है। इसके अलावा तीसरी बात यह है कि जगदीप धनखड़ ममता बनर्जी के प्रति काफी आक्रामक राज्यपाल के तौर पर नजर आए थे। भाजपा को लग रहा होगा कि अगर वह राज्यसभा के सभापति बनते हैं, तो विपक्ष को भी आड़े हाथों ले सकते हैं। इन्हीं वजहों से भाजपा ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर चुना है। लेकिन जिस तरह से भाजपा ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार चुनकर एक राजनीतिक संदेश दिया है कि वह क्या करना चाहती है, विपक्ष वैसा नहीं कर पाया। विपक्ष अपने प्रत्याशी चयन के जरिये न तो कोई खास राजनीतिक संदेश दे पाया और न ही विपक्षी दल राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एकजुट रह पाया। जैसे कि ममता बनर्जी ने यशवंत सिन्हा के नाम का समर्थन किया, लेकिन पश्चिम बंगाल में उन्हें बुलाया ही नहीं। दूसरी ओर, उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन ने द्रौपदी मुर्मू के प्रति अपने समर्थन का एलान कर दिया। इसके अलावा, इस बीच दो और घटनाएं हुई हैं। एक तो यह एडवाइजरी जारी की गई है कि संसद सत्र के दौरान संसद परिसर में कोई धरना नहीं होगा और दूसरा, सत्र से ठीक पहले संसद सचिवालय द्वारा असंसदीय शब्दों की एक लंबी-चौड़ी सूची जारी की गई है।

नीरजा चौधरी

## संपादकीय

### राष्ट्रपति चुनाव, विपक्ष के वोट बंटते रहे हैं

राष्ट्रपति के चुनाव में इस बात का बहुत शोर हो रहा है कि विपक्षी पार्टियों के वोट बंट रहे हैं और उनकी एकता भंग हो गई है। मीडिया में इस बात के लंबे लंबे कार्यक्रम चल रहे हैं कि भाजपा के मास्टरस्ट्रोक के आगे कैसे विपक्ष धराशायी हो गया है। लेकिन यह कोई बात नहीं है। राष्ट्रपति के हर चुनाव में विपक्ष के वोट बंटते रहे हैं। उम्मीदवार के आधार पर पार्टियां फैसला करती हैं। शिव सेना ने दबाव में या जैसे भी एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला किया। लेकिन यह काम वह पहले भी कर चुकी है। भाजपा के साथ रहते हुए दो चुनावों में उसने कांग्रेस के उम्मीदवार का समर्थन किया था। पहले 2007 में उसने मराठी के नाम पर प्रतिभा पाटिल का समर्थन किया और फिर 2012 में पता नहीं किस आधार पर प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया।

पता नहीं टेलीविजन चैनलों के पत्रकारों को ध्यान है या नहीं कि शिव सेना ने यह काम 1997 में भी किया था, जब कांग्रेस और भाजपा सबने मिल कर केआर नारायणन को समर्थन दिया था तब शिव सेना ने भाजपा का साथ छोड़ कर निर्दलीय उम्मीदवार टीएन शेषन का साथ दिया था। इसी तरह 2002 के राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार एपीजे अब्दुल कलाम को कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने समर्थन दिया था लेकिन वामपंथी पार्टियों ने कैप्टेन लक्ष्मी सहगल तो उम्मीदवार बना कर उतारा था। राष्ट्रपति के पिछले चुनाव में बिहार में नीतीश कुमार राजद के समर्थन से मुख्यमंत्री थे लेकिन उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद का समर्थन किया, जबकि कांग्रेस और राजद ने बिहार की ही मीरा कुमार को उम्मीदवार बनाया था।

# पानी को लेकर हमारी सोच, मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी

मानसून के आते ही देश के जो हिस्से पानी के लिए व्याकुल थे, पानी-पानी हो गए। जल संकट के लिए सबसे परेशान मध्य भारत में जैसे ही प्रकृति ने अपना आशीष बरसाया और ताल-तलैया, नदी-नाले उफन कर धरा को अमृतमय करने लगे, तो इसे तबाही, बर्बादी, विनाश कहा जाने लगा। पानी को ले कर हमारी सोच प्रारंभ से ही त्रुटिपूर्ण है। हमें बताया गया कि नदी, नहर, तालाब, झील आदि पानी के स्रोत हैं। हकीकत में हमारे यहां पानी का स्रोत केवल मानूसन ही है, नदी-दरिया तो पानी को सहेजने के स्थान मात्र हैं।

यह धरती पानी के कारण ही जीवों से आबाद है, पर पानी के आगम मानसून की हम कदर नहीं करते। उसकी नियामत को सहेजने के स्थान हमने खुद उजाड़ दिए। गंगा-यमुना के उद्गम स्थल से छोटी नदियों के गांव-कस्बे तक बस यही हल्ला है कि बरसात ने खेत-गांव सब कुछ उजाड़ दिया। पर यह भी सच है कि मानसून के विदा होते ही उन सभी इलाकों में पानी के लिए मारा-मारी होगी। यह देखने की जरूरत है कि मानसून में जल का विस्तार हमारी जमीन पर हुआ है या हमने ही जल विस्तार की नैसर्गिक परिधि पर कब्जा जमा लिया है। इस देश के लोकजीवन, अर्थव्यवस्था और पर्व-त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। जो शहर-महानगर पूरे साल वायु प्रदूषण से हलकान रहते हैं, इसी मौसम में वहां के लोगों



मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। जो शहर-महानगर पूरे साल वायु प्रदूषण से हलकान रहते हैं, इसी मौसम में वहां के लोगों को सांस लेने को साफ हवा मिलती है।

को सांस लेने को साफ हवा मिलती है। खेती-हरियाली और साल भर के जल का प्रबंध इसी बरसात पर निर्भर है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है, तो इसे खलनायक के रूप में देखा जाता है। इसका कारण यह है कि हमारे यहां मानसून को सम्मान देने की परंपरा खत्म होती जा रही है। इसका कारण है, तेजी से शहरों की ओर हो रहा पलायन और गांवों का शहरीकरण। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों का कुछ लीटर पानी घटाने को तो राजी हैं, पर मानसून से मिले जल को संरक्षित करने के मार्ग में खुद ही रोड़े अटकाते हैं, मानूसन को सहेजने वाली नदियों में पानी सुरक्षित रखने के बजाय रेत निकालने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। आज जिन इलाकों में नदी से तबाही पर विलाप हो रहा है, वे सभी इलाके किसी नदी के रास्ते में यह सोचकर बसा लिए गए कि अब तो नदी दूसरे रास्ते बह रही है। राजधानी दिल्ली में ही अक्षरधाम मंदिर से लेकर खेलगांव तक को लें, अदालती दस्तावेजों में खुरपेच कर यमुना के जल ग्रहण क्षेत्र में कॉलोनियां बसा ली गईं।

उत्तर प्रदेश में गंगा-यमुना या उनकी सखी-सहेलियों को जहां भी बांधने के प्रयास हुए, वहां जल-प्रलय होता है। गुजरात का उदाहरण सामने है। नर्मदा के बंधने से उसके हर शहर की आधुनिकता पर %पानी% फिर गया है। हमारी नदियां उथली हैं और कभी अतिक्रमण, कभी सुंदरता, तो कभी रिवर फ्रंट के नाम पर उन्हें संकरा किया गया। नदियों का अतिरिक्त पानी सहेजने वाले तालाब-बावली-कुएं नदारद हैं। फिर पानी सहेजने व उसके बहुद्देश्यीय इस्तेमाल के लिए बनाए गए बांध अरबों की लागत और दशकों के समय के बाद भी थोड़ी-सी बरसात को समेट नहीं पा रहे हैं। पहाड़, पेड़, और धरती को सामंजस्य के साथ खुला छोड़ा जाए, तो इंसान के लिए जरूरी साल भर के पानी को भूमि अपने गर्भ में ही सहेज ले। असल में हम मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात और बरसात के जल को सहेज कर रखने के प्राकृतिक खजानों की रक्षा के प्रति न गंभीर हैं और न ही कुछ नया सीखना चाहते हैं।

पंकज चतुर्वेदी

## मिला जुला

### आज से महंगी हो गई हैं घर-घर इस्तेमाल होने वाली ये दस चीजें

# आज से महंगी हो गई हैं घर-घर इस्तेमाल होने वाली ये दस चीजें

**नई दिल्ली.** महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी की मुश्किलें आज से और बढ़ गई हैं। कई चीजों पर आज से जीएसटी चुकाना होगा। इनमें घर-घर में इस्तेमाल होने वाली कई चीजें शामिल हैं। इन पर पहले जीएसटी की दर जीरो थे। जीएसटी काउंसिल की हाल में चंडीगढ़ में हुई बैठक में कई चीजों पर जीएसटी लगाने का फैसला किया गया था। साथ ही कई चीजों पर जीएसटी की दर बढ़ा दी गई है। ये दरें 18 जुलाई यानी आज से लागू हो गई हैं। जीएसटी काउंसिल के फैसले लागू होने के बाद आज से कई खाद्य वस्तुएं महंगी हो जाएंगी। इनमें पहले से पैक और लेबल वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, पनीर और दही शामिल हैं। इन पर अब पांच प्रतिशत जीएसटी) देना होगा। इस तरह 5,000 रुपये से अधिक किराये वाले अस्पताल के कमरों पर भी जीएसटी देना होगा। इसके अलावा 1,000 रुपये प्रतिदिन से कम किराये वाले होटल कमरों पर 12 प्रतिशत की दर से कर लगाने की बात कही गयी है।



*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने पिछले दिनों अपनी बैठक में डिब्बा या पैकेटबंद और लेबल युक्त (फ्रोजन को छोड़कर) मछली, दही, पनीर, लस्सी, शहद, सूखा मखाना, सूखा सोयाबीन, मटर जैसे उत्पाद, गेहूं और अन्य अनाज तथा मुरमुरे पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया गया।*

#### कौन सी चीजें हुई महंगी

हालांकि खुले में बिकने वाले बिना ब्रांड वाले उत्पादों पर जीएसटी छूट जारी रहेगी। 'प्रिंटिंग/ड्राइंग इंक', धारदार चाकू, कागज काटने वाला चाकू और 'पेंसिल शार्पनर', एलईडी लैंप, ड्राइंग और मार्किंग करने वाले उत्पादों पर कर की दरें बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई हैं। सौर वॉटर हीटर पर अब 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि पहले पांच प्रतिशत कर लगता था। सड़क, पुल, रेलवे, मेट्रो, अपशिष्ट शोधन संयंत्र और शवदाहगृह के लिए जारी होने वाले कार्य अनुबंधों पर अब 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो अबतक 12 प्रतिशत था।

#### कौन सी चीजें हुई सस्ती

हालांकि, रोपवे के जरिये वस्तुओं और यात्रियों के परिवहन तथा कुछ सर्जरी से जुड़े उपकरणों पर कर की दर घटाकर पांच प्रतिशत की गई है। पहले यह 12 प्रतिशत थी। ट्रक, वस्तुओं की ढुलाई में इस्तेमाल होने वाले वाहनों पर अब 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। यह रेट पहले 18 प्रतिशत था। इसी तरह बागडोगरा से पूर्वोत्तर राज्यों तक की हवाई यात्रा पर जीएसटी छूट अब 'इकनॉमी' श्रेणी तक ही सीमित रहेगी। आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक), बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड जैसे नियामकों की सेवाओं के साथ रिहायशी मकान कारोबारी इकाइयों को किराये पर देने पर कर लगेगा।

### धार में पुल की रेलिंग तोड़ नर्मदा नदी में गिरी रोडवेज बस

# 13 की मौत, 40 लोगे थे सवार

**मध्यप्रदेश** के धार जिले के इंदौर से पुणे जा रही महाराष्ट्र रोडवेज की एक बस खलघाट इलाके में पुल की रेलिंग तोड़ने के बाद नर्मदा नदी में गिर गई. अब तक 15 लोगों को बचाया गया है जबकि 13 शव बरामद कर लिए गए हैं. बस में लगभग 40 लोग सवार थे. राहत और बचाव कार्य जारी है.बारिश के बीच उफनती नदी से बस को निकाल लिया गया है.

बता दें कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रात: खलघाट,खरगोन में हुई बस दुर्घटना का संज्ञान लिया है. उन्होंने बताया कि बस के नदी में गिर जाने की सूचना मिलते ही प्रशासन को शीघ्र पहुंचने के निर्देश दिए गए. राहत और बचाव कार्य जारी है.जिला प्रशासन घटनास्थल पर है. मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ को भेजने के निर्देश दिए है, इसके अतिरिक्त आवश्यक संसाधन घटनास्थल पर भेजने के निर्देश दिए गए है।



***घायलों** के समुचित इलाज की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं. खरगोन, इंदौर जिला प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री निरंतर संपर्क बनाए हुए है। एमपी के गृहमंत्री ने कहा कि इंदौर से पुणे जा रही महाराष्ट्र सरकार की 'एसटीक बस धामनोद के पास खलघाट में नर्मदा नदी में गिरने की बहुत ही दुखद और पीड़ादायी दुर्घटना हुई है. मौके पर सभी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी और रेस्क्यू टीमें पहुंच गई है. रेस्क्यू के सभी प्रयास किए जा रहे हैं. 15 लोगों का रेस्क्यू किया गया है. दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है.*

### इमरान खान राज की ओर फिर बढ़ा पाकिस्तान

# पंजाब की हार से बाजवा और शरीफ को बड़ा झटका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में करो या मरो की जंग बने पंजाब प्रांत के उप चुनाव में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल एन का सूपड़ा साफ कर दिया। अनाधिकारिक नतीजों के मुताबिक उपचुनाव की 20 सीटों में से 15 पर पीटीआई के उम्मीदवारों को बंपर जीत मिली है। इसके साथ ही 'मिनी पाकिस्तान' कहे जाने वाले पंजाब प्रांत में एक बार फिर से इमरान खान की पार्टी के सत्ता में आने का रास्ता साफ हो गया है। विश्लेषकों का कहना है कि इस चुनावी जंग से



यह भी साबित हो गया कि इमरान खान शरीफ परिवार से लोकप्रियता की जंग में जीत गए हैं।

चुनावी विश्लेषकों का इससे पाकिस्तान में अब जल्द ही आम चुनाव हो सकते हैं और इमरान खान फिर से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने सकते हैं। इमरान खान भी इसी रास्ते पर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, यह शहबाज शरीफ सरकार और उनकी पार्टी के लिए एक जनमत संग्रह की तरह से था। इस जनमत संग्रह में इमरान खान ने स्पष्ट रूप से शहबाज सरकार जीत दर्ज की है।

### जगदीप धनखड़ के नामांकन से राहत में टीमएसी

# कहा- हमें परेशान करने का इनाम मिला

**कोलकाता।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस ने जगदीप धनखड़ को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, भाजपा के इस फैसले पर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने खास प्रतिक्रिया दी है। टीएमसी ने एक ओर जहां राहत की सांस ली है। साथ ही यह भी कहा कि धनखड़ को बंगाल सरकार के लिए मुश्किल पैदा करने का इनाम मिला है। उनके खिलाफ विपक्ष ने मार्गरेट अल्वा को साझा उम्मीदवार बनाया है। टीएमसी ने धनखड़ पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बदनाम करने वरिष्ठ नेता और टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा, 'जगदीप धनखड़ पश्चिम



बंगाल प्रशासन के लिए मुश्किलें पैदा करने और परेशान करने वाले तत्व थे। धनखड़ का नामांकन बंगाल सरकार के जीवन को दुखद बनाने का इनाम है। हमें राहत है कि उप राष्ट्रपति के तौर पर उनका नामांकन हुआ है।'

धनखड़ सोमवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

### मध्यप्रदेश निकाय चुनाव

# तोमर-सिंधिया का गढ़ भी बीजेपी हारी, ग्वालियर पर 57 साल बाद कांग्रेस का कब्जा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश नगरीय निकाय चुनावों में दिलचस्प नतीजे देखने को मिले हैं. जहां आम आदमी पार्टी ने पहली बार राज्य के किसी भी चुनाव में अपनी विजयी मौजूदगी दर्ज कराई है. चुनावों में महापौर की एक सीट, पार्षदों की 17 सीटों पर आप को जीत मिली है. वहीं, राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी ने कांग्रेस को अपनी अहम सीट गंवा दी. नगर निकाय चुनाव की रविवार को हुई पहले चरण की मतगणना में कुल 11 नगर निगमों के महापौर पदों में से सात पर बीजेपी, तीन पर कांग्रेस और एक पर आम आदमी पार्टी के



उम्मीदवार को जीत मिली है. प्रदेश के कुल 16 नगर निगमों के पहले चरण के मतदान में, 11 नगर निगम के चुनाव छह जुलाई को हुए थे।

# खरसिया के सिविल अस्पताल में शुरू होने जा रहा हमर लैब

जिले के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में भी 15 दिनों में होगा हमर लैब शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन हमर लैब के नाम से सरकारी पैथालॉजी लैब शुरू करने जा रही हैं, जिसके अंतर्गत जिला अस्पतालों की लैब को ही हमर लैब में डेवलप किया जा रहा है, ताकि वहां सभी तरह की जांच की जा सके।






इसके लिए जरूरी व एडवांस मशीनें लगाई जाएंगी। जिसके फलस्वरूप खून एवं पेशाब संबंधी समस्त जांच नि:शुल्क एवं न्यूनतम दर में उपलब्ध कराया जाएगा। इसका फायदा ये होगा कि ग्रामीण लोगों को भी जरूरी जांच के लिए शहर नहीं आना पड़ेगा। रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सिविल अस्पतालों में हमर लैब की स्थापना की जा रही है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे एचबीएआईसी, बायोकैमेस्ट्री एनालाइजर, सीबीसी, यूरिन एनालाइजर, इलेक्ट्रोफोरेसिस मशीन, ट्रू-नाट मशीन, इएसअसार एनालाइजर इत्यादि की स्थापना की जाएगी।

प्रथम चरण में खरसिया के सिविल अस्पताल में हमर लैब का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा हमर लैब के माध्यम से समस्त प्रकार के जांच सुविधा प्रदाय की जाएगी। आगामी 15 दिनों के अंदर अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हमर लैब की सुविधा प्रारंभ कर दी जाएगी। जहां मरीज अपने लीवर, किडनी, रक्त अल्पता लिपिड प्रोफाइल तथा पेशाब संबंधी जांच करा सकते है।

## हमर लैब से मरीजों को मिलेगी सहूलियत

पीएचसी, सीएचसी से लेकर जिला व मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में बिना लैब या डायग्नोस्टिक सेंटर के बीमारी का इलाज संभव नहीं है। उदाहरण के लिए किसी मरीज को बुखार है तो मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू या पीलिया की जांच कराई जाती है। ताकि रिपोर्ट से पता चल सके कि मरीज की बीमारी क्या है? रिपोर्ट के आधार पर ही डॉक्टर मरीज का इलाज शुरू करते हैं। जिससे मरीजों को जल्द आराम मिले।

## न्यूनतम शुल्क में होगी जांच

*जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में हमर लैब खुलने जा रही हैं। इसमें कोई भी व्यक्ति न्यूनतम शुल्क में कई प्रकार के टेस्ट करवा सकेगा। इससे लोगों को विभिन्न प्रकार की जांच में लगने वाले खर्च से राहत मिलेगी।*

# जिले में तीन कंपनियों के उर्वरक पाये गये अमानक

कृषि विभाग ने अमानक उर्वरकों की बिक्री एवं वितरण पर लगाया प्रतिबंध, कंपनियों को नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले के एक उर्वरक दुकान और एक सहकारी समिति में भण्डारित उर्वरक नमूना विश्लेषण में अमानक पाए गए हैं। उक्त स्थानों में कुल तीन कंपनियों के उर्वरक अमानक पाए जाने पर कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की बिक्री एवं वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अमानक पाए गए उर्वरकों के लिए संबंधित उर्वरक निर्माता कंपनियों को नोटिस भी जारी कर दिया गया है। उर्वरक कंपनियों को उर्वरक के अमानक पाए जाने के कारण का जवाब प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया है। मेसर्स हेमन्त कृषि केन्द्र रलिया कटघोरा में नेशनल फर्टिलाइजर कंपनी के 30.15 टन यूरिया, बीईसी फर्टिलाइजर्स कंपनी के 22ण्50 टन एसएसपी 16 प्रतिशत एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पोड़ी पाली में आईपीएल सीथाकाठी कंपनी के 12.55 टन एमओपी 60 प्रतिशत उर्वरक के जांच नमुने विश्लेषण उपरांत अमानक पाये गये है। विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल सीथाकाठी कंपनी के एमओपी 60 प्रतिशत उर्वरक निर्धारित नमी के अनुसार नही पाये जाने के कारण विश्लेषण में अमानक पाये गये हैं। नेशनल फर्टिलाइजर कंपनी के यूरिया उर्वरक निर्धारित पार्टिकल साइज के अनुसार नही पाये जाने के कारण अमानक पाये गये है। इसी प्रकार बीईसी फर्टिलाइजर कंपनी के एसएसपी 16 प्रतिशत उर्वरक में पोषक तत्व निर्धारित मात्रा में नही पाये जाने के कारण अमानक पाये गये है। उप संचालक कृषि अनिल शुक्ला ने बताया कि अमानक पाए जाने पर संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही जिले में अमानक पाये गये लाट के उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होने बताया कि किसानों को सही दाम एवं उच्च गुणवत्तायुक्त रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता के लिए कृषि विभाग द्वारा समय.समय पर उर्वरक नमुनों को विश्लेषण के लिए रायपुर स्थित प्रयोग शाला भेजा जाता है। उर्वरक निरीक्षकों के द्वारा उर्वरक नमुना विश्लेषण के लिए उपसंचालक कृषि उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लाभांडी रायपुर भेजा गया था। भेजे गए नमुनों में से उर्वरकों का विश्लेषण अमानक स्तर के प्राप्त हुए हैं।

# जिले में बच्चों की भाषाई एवं गणितीय दक्षता विकास हेतु ईजीएल प्रशिक्षण संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले के तीन विकासखंड रायगढ़, खरसिया एवं तमनार में कक्षा पहली एवं दूसरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के भाषाई एवं गणितीय दक्षता उन्नत करने के लिए जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं रूम टू रीड के सहयोग से ईजीएल प्रशिक्षण शासकीय नटवर उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संपन्न हुआ।



यह प्रशिक्षण 21 जुलाई 2022 तक आयोजित किया जाना है। 13 जुलाई को यूनिसेफ एवं रूम टू रीड के राज्य प्रशिक्षक एवं तीनों विकासखंड के चयनित मास्टर ट्रेनर्स का उन्मुखीकरण जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायगढ़ में संपन्न हुआ तथा 14 से 16 जुलाई 2022 तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण जिसमें तीनों विकासखंड के संकुल समन्वयक विकासखंड स्त्रोत समवयक एवं मास्टर ट्रेनर्स शामिल हुए। विदित हो कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रुप से कक्षा एक एवं कक्षा दो में अध्ययन करने वाले बच्चों के भाषाई दक्षता विकसित करने के लिए भाषा से संबंधित वर्णों को पहचानना, वर्णों को जोड़कर शब्द बनाना एवं शब्द का अर्थ समझने की प्रक्रिया को बड़े ही सरल तरीके से बताया गया तथा गणितीय दक्षता विकसित करने हेतु अंको की पहचान कर उनके व्यवहारिक उपयोग करने के सरलतम तरीकों को आकर्षक तरीके से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद यह महसूस किया जा रहा है कि इस विशेष तकनीक के प्रयोग से रायगढ़ जिले के तीन विकासखंड में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चल रहे कार्यक्रम के बाद बच्चों को भाषा को समझने की अवधारणा स्पष्ट होगी तथा वे विशेष रूचि के साथ कक्षा की ओर आकर्षित होंगे। प्रशिक्षण का प्रथम दिवस रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.पी.आदित्य एवं जिला मिशन समन्वयक आर.के.देवांगन के विशेष उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, ईजीएल कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री आलोक स्वर्णकार तथा जिले की सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम द्वितीय दिवस तथा तृतीय दिवस पर प्रशिक्षकों के द्वारा विशेष चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य ने प्रारंभ दिवस पर प्रशिक्षार्थियों से प्रशिक्षण के उद्देश्य, आवश्यकता पर विशेष मार्गदर्शन एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक तथा मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा भविष्य में किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की प्रशिक्षण दिवस के अंतिम दिवस संकुल स्त्रोत समन्वयकों से तीन दिवसों में प्राप्त ज्ञान पर विस्तृत चर्चा भी की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक द्वय ने 22 जुलाई 2022 को गौरेला पेंड्रा जिले से आ रहे एक्स्पोजर विजिट के सदस्यों के आने से पूर्व ईजीएल केंद्रों को व्यवस्थित कर आवश्यक का तैयारी करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में 21 से 23 जुलाई 2022 तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण कक्षा पहली एवं दूसरी कक्षा को अध्यापन करने वाले शिक्षकों को विकासखंड स्तर पर दिया जाएगा। इसके लिए रायगढ़ विकास खंड में 5 प्रशिक्षण केंद्र, खरसिया विकास खंड में चार प्रशिक्षण केंद्र तथा तमनार विकास खंड में 3 प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए है। इस कार्यक्रम से रायगढ़ खरसिया एवं तमनार विकासखड के 525 विद्यालय के कक्षा पहली एवं दूसरी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें आग से जलने पर बगीचा तहसील के ग्राम बोड़ापहरी निवासी अलबीना केरकेट्टा की मृत्यु 06 मार्च 2022 को हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति पितरूस हेतु 4 लाख एवं मनोरा तहसील के ग्राम झरगांव निवासी मंगलेश्व राम की मृत्यु 08 फरवरी 2021 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी सिगड़ी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### वाटर वॉरियर मसाजी द्वारा जल संवर्धन हेतु कांसाबेल में अधिकारी कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल संवर्धन विशेषज्ञ अय्यप्पा मसाजी द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धनए भूमिगत जल स्तर में वृद्धि हेतु वर्षा जल के प्रभावी संचयन के सम्बंध में जनपद पंचायत कांसाबेल के बगिया गौठान सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कांसाबेल, फरसाबहार, बगीचा, कुनकुरी एवं पत्थलगांव के मनरेगा, आरईएस, पीएचई विभाग के उप अभियंता, तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण प्रदाय कर वाटर हार्वेस्टिंग की उपयोगिता को समझाया। अयप्पा ने कहा कि भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिये वर्षा जल का अधिक से अधिक संरक्षण आवश्यक है। अपने क्षेत्र के पानी को अधिक से अधिक रोक कर भूमिगत करना आवश्यक है। जिससे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि हो। उन्होंने कैचमेंट एरिया को ध्यान रखकर जल संरक्षण हेतु संरचना निर्माण पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण हेतु विभिन्न तकनीकी पहलुओं तथा जगह के आवश्यकता अनुरूप संरचना निर्माण के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला व जनपद स्तर के विभिन्न तकनीकी अमलो के साथ साथ अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु 5 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत जिले के विकासखण्ड बरमकेला, धरमजयगढ़, पुसौर, खरसिया तथा सारंगढ़ के चयनित ग्राम के गरीबी रेखा के सर्वेक्षित अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर शासकीय तथा निजी क्षेत्र में रोजगार/स्वरोजगार योजनाओं में स्थापित करने का प्रावधान है। उक्त नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक आवेदक 05 अगस्त 2022 तक सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण, कार्यालय रायगढ़ में अथवा कार्यालयीन ई-मेल cssdmraigarh@gmail.com में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं तथा संबंधित क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्था शा.आईटीआई सारंगढ़, सरिया, पुसौर, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा में भी आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। चयनित ग्राम की सूची, पंजीकृत प्रशिक्षण संस्था एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in तथा कार्यालयीन सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### एकलव्य विद्यालयों में कक्षा सातवीं आठवी एवं नवमीं के रिक्त सीटों में भर्ती के लिए आवेदन 21 जुलाई तक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम अंतर्गत अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों का वर्ष 2022.23 में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिले में संचालित तीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा सातवींए आठवीं एवं नवमीं में रिक्त सीटों में भर्ती के लिए 21 जुलाई 2022 शाम 5:30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन मंगाये गये है। आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत किया जा सकता है। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप के लिए जिले के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट कोरबा डॉट जीओवी डॉट इन का अवलोकन किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा श्रीमती माया वारियर ने बताया कि एकलव्य विद्यालयों में कुल नौ रिक्त सीटों के लिए आवेदन मंगाया गया है। एकलव्य विद्यालय छुरीकला में कक्षा नवमीं में बालक के दो और बालिका एक सीट रिक्त है।

सफलता की कहानी

# गौठान की गंगा स्व.सहायता समूह की महिलाएं हल्दी मसाला पिसाई व पीडीएस संचालन कर बन रही - आत्मनिर्भर

* हल्दी मसाला का विक्रय से 6 हजार व पीडीएस संचालन से 1 लाख 65 हजार की हुई आमदनी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने जिला प्रशासन द्वारा स्व.सहायता समूह से जोड़कर उन्हें गोठान में ही विभिन्न गतिविधियों के तहत् आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में दुलदुला विकासखंड के ग्राम बंगुरकेला गोठान की मां गंगा स्व.सहायता समूह की महिलाओं को जिला प्रशासन द्वारा हल्दी पिसाई मशीन प्रदान किया गया।

जिसके उपरांत गंगा स्व.सहायता समूह की महिलाओं तीन माह में हल्दी, मशाला धनिया की पिसाई कर 6 हजार रुपए आमदनी अर्जित कर चुकी है। साथ ही समूह की महिलाएं पीडीएस संचालन का कार्य भी कर रही है। जिससे उन्होंने अब तक 1 लाख 65 हजार 70 रुपए की आमदनी अर्जित कर ली है। समूह की महिलाओं ने बताया कि अब तक 240 किलो हल्दी, मिर्च, मशाला और धनिया का पिसाई किया गया है। जिसमें कुल 11950 रुपए का विक्रय महिलाओं द्वारा किया गया है। जिससे उन्हें 6 हजार का लाभ प्राप्त हुआ है। समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके समूह में 10 महिलाएं है। जो कि 04 मार्च 2022 से कार्य कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। जिसका उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। महिलाओं ने कहा कि आज वे खुद आत्मनिर्भर बन रही है। परिवार के हर छोटे.बड़े के कार्य के लिए होने वाले खर्च में अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित कर पा रही है। महिलाओं ने कहा कि गोठान में विभिन्न योजनाओं का संचालन कर महिलाओं रोजागर से जोड़ा गया है। यह अत्यंत सराहनीय कार्य है। सभी महिलाओं ने इस जनकल्याणकारी योजना संचालन के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन को सहृदय धन्यवाद दिया। दुलदुला ब्लॉक की क्षेत्रीय समन्वयक शीला कुजूर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में उद्यान विभाग द्वारा समूह को 60 हजार की लागत वाली मसाला पिसाई मशीन उपलब्ध कराया गया है। साथ ही महिलाओं को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। समूह द्वारा बनाए जा रहे मसालों को सीमार्ट, स्थानीय हाट-बाजार में विक्रय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ने हेतु निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। महिलाएं भी पूरी उत्साह के साथ कार्यों में अपनी सहभागिता निभा रही है।

**अब परिवार के हर छोटे-बड़े कार्य में अपना सहयोग दे रही महिलाएं**

*** जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन को गौठान में विभिन्न गतिविधियों का संचालन करने हेतु दिया धन्यवाद**

# कृषि संबंधित प्रशिक्षण के लिए कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में हुआ रावे कार्यक्रम का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र रायगढ़ में गत दिवस बीएससी (कृषि) चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए कृषि संबंधित प्रशिक्षण के लिए रावे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक प्रभारी डॉ.श्रीकांत सांवरगांवकर के उद्बोधन के साथ शुरू हुआ जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया की रावे के अंतर्गत वो किसानों से कृषि संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और किसानों को वो कृषि की उन्नत तकनीक से अवगत करा सकते हैं। एनएसएस प्रभारी गंगा राम राठिया ने रावे के महत्व के ऊपर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को पूरी मेहनत के साथ इसे करने को कहा। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया की रावे कार्यक्रम के तहत विद्यार्थीगण किसानों से अपने अनुभव कार्य एवं तकनीक को साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि अगर विद्यार्थी रावे को प्रायोगिक रूप से निष्ठापूर्वक करें तो इससे उनको बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। कार्यक्रम के अगले वक्ता के रूप में डॉ.रोशनी भगत ने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र पर कार्य करके उससे ज्यादा से ज्यादा सीखने के लिए प्रेरित किया। उद्यानिकी विज्ञान की वैज्ञानिक डॉ.सरिता अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को पौधरोपण कार्यक्रम को प्रभावी रूप से करने पर बल दिया। रावे प्रभारी संदीप पैंकरा ने रावे के बारे में छात्र-छात्राओं से विस्तार से बताते हुए कहा कि रावे कार्यक्रम के लिए समीपस्थ गांव संबलपुरी को चुना गया है। चतुर्थ वर्ष के 45 विद्यार्थी पूरे सेमेस्टर भर विभिन्न विषयों की तकनीकी कार्य साझा करेंगे।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी महाविद्यालय के अलग-अलग विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शनुसार कृषि के विभिन्न विषयों के नवीन तकनीक को सीख सकते हैं। महाविद्यालय के एलपीएम सहायक प्राध्यापक डॉ.ब्रजेश पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की रावे कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें डेरी, मछलीपालन और मुर्गी फार्म का भ्रमण करवाया जाएगा और उनसे संबंधित समस्या और उसका निदान बताया जाएगा। महाविद्यालय के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सुनील कुमार गौतम ने विद्यार्थियों को रावे के दौरान सही सूचनाओं को संकलित कर रावे रिपोर्ट बनाने के लिए आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से इस बात पर विशेष जोर दिया की पूर्व में जो रावे रिपोर्ट पुस्तकालय में जमा हैं उनकी नकल किए बिना जो मूल कार्य वो इस सत्र के रावे में कर रहें है उनकी रिपोर्ट निष्ठापूर्वक तैयार करें। अतिथि शिक्षक के रूप कृषि यंत्रिकी के डॉ.योगेश कोसरिया ने विद्यार्थियों से मशीनों को प्रायोगिक से उपयोग करने पर बल दिया।

# कृषि विभाग द्वारा वन पट्टाधारियों को बीज व कीटनाशक दवाओं का वितरण

जोहार छत्तीसगढ़ – धरमजयगढ़।



कृषि विभाग धरमजयगढ़ द्वारा अनेक गांवों में बीज एवं कीटनाशक दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया गया। उपसंचालक कृषि रायगढ़ हरीश राठौर के निर्देश पर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धरमजयगढ़ पीआर राठिया के मार्गदर्शन में 18 जुलाई 2022 को खड़गांव में जनपद पंचायत सदस्य ओमकार राठिया के हाथों सामग्री का वितरण कराया गया। ग्राम हाटी, जोगड़ा, सिथरा, खड़गांव के वन पट्टाधारी किसानों को पैडी वीडर, बीज ग्राम मूंग, रागी बीज, कीटनाशक दवा निमैक्स का वितरण किया गया। जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शशि प्रकाश पैकरा द्वारा,फसल बीमा योजना,धान के बदले अन्य फसल लगाने, वन पट्टाधारी किसानों को KCC बनवाने एवम समसामयिक विषयों पर जानकारी दिया गया।

# सावन के पहले सोमवार शिवालयों में उमड़ी भीड़

जोहार छत्तीसगढ़–सुकमा।



सावन महीने के पहले सोमवार को शहर के मध्य स्थित श्री–श्री महाकाली मंदिर मे स्थित शिवालय में हर–हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं सुकमा के कालीमंदिर के शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा। साथ ही अंचल के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार दिन शिवलिंगों का दूधए जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घड़ियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।

# नशा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ बेमेतरा पुलिस ने चलाया जन जागरण अभियान

जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा नशा मुक्ति एवं सायबर जागरूकता अभियान चलाकर आमजनों को जागरूक किया जा रहा है इस अभियान के तहत दिनांक 17 जुलाई.2022 को थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक नासिर खान के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक संदीप साहू एवं अन्य स्टाफ के द्वारा नशा मुक्ति व नशा से आजादी एवं सायबर जागरूकता के लिए थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम बारगांव में आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से बैनर के माध्यम से नशा बंदी एवं सायबर जागरूकता का संदेश दिया गया। आमजनो को बताया कि बीडी, सिगरेट, शराब, जुआ, सट्टा, गांजा जैसे नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है।

लोगो को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। नशे से ग्रसित व्यक्ति तनाव में रहता है और उसे मानसिक परेशानियां घेर लेती है, इसके अलावा उसे स्वास्थ्य परेशानियां भी होती है और नशे में अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। क्योकि ऐसे ही व्यक्ति अपराधों को बढावा देता है। इसलिए हमें नशे से दुर रहना चाहिए। किसी भी प्रकार का नशा को छोडने के लिए व्यक्ति को दृढ संकल्पित होने की आवश्यकता है। इसके लिए युवाओं को आगे आकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है ताकि समाज में सामाजिक मधुरता बना रहे तथा साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी, एटीएम ठगी, ऑनलाईन ठगी, फेसबुक, से संबंधित अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम बारगांव के सरपंच, पंच, कोटवार, सहित बच्चे, युवा, बुजुर्ग उपस्थित रहे।

# बेमेतरा पुलिस की कार्यवाही 27 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल व एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा प्रतिदिन पुरे जिले में स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियो को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना बेमेतरा स्टाफ के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र. 119/82 , अपराध क्रमांक206/80 धारा 342,379 भादवि में 27 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी अनवर पिता करीम ऊर्फ रहीम मोहम्मद उम्र 63 साल साकिन देवांगन मोहल्ला कवर्धा हाल पता वार्ड नं. 21 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर आज दिनांक 18.07.2022 को घेराबंदी कर पकड़ा गया।उपरोक्त वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, राहुल यादव, राजेश ध्रुव, शिव कुमार सेन एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

# कलेक्टर ने किया बेरला के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

*रामपुर के गौठान में गोबर खरीदी की ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज सोमवार को बेरला प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इनमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, तहसील कार्यालय, उप पंजीयक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, शासकीय उचित मूल्य की दुकान, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं रामपुर (भांड़) का गौठान शामिल है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होने नामंतरण, बंटवारा, फौती के प्रकरण, सीमांकन, आदि के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। ई–कोर्ट में एक वर्ष से अधिक अवधि वाले प्रकरणो का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होने कार्यालयीन स्टॉफ को समय पर ड्यूटी आने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बच्चों के पठन–पाठन, गणवेश, शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला में कोविड–19 टीकाकरण का निरीक्षण किया। शासकीय उचित मूल्य की दुकान बेरला के निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी का अवलोकन किया। पीडीएस दुकान में मूल्य सूची का प्रदार्शन, दस प्रकार के रजिस्टर का संधारण व सत्यापन तथा चावल के रख–रखाव को व्यवस्थित व सुरक्षित रखने हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधीश ने ग्राम रामपुर स्थिति गौठान के निरीक्षण के दौरान गोबर खरीदी एवं उसके भुगतान की जानकारी ली। सरपंच एवं स्व–सहायता समूह के सदस्यों से गोठान के परिचालन के संबंध में परिचर्चा की। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 31 जुलाई तक होगा, पीएम फसल बीमा योजना में बीमा पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़– महासमुंद।

**खेती–किसानी करने वालों के लिए अच्छी खबर है। मानसून के चलते बारिश से राज्य के कुछ ज़िलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। बाढ़ की वजह से फसलों को नुकसान पहुंचा है। कुछ ज़िलों में पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान परेशान हैं।**



इन हालातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) किसानों के बड़े काम की है। किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपनी फसल का बीमा करवा कर आर्थिक नुकसान से बच सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है।

पीएमएफबीवाई में रजिस्ट्रेशन करना बहुत आसान है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान आगामी 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अपनी खरीफ की फसलों का बीमा करवा सकते हैं। इसके लिए किसानों को नाम मात्र का प्रीमियम देना होगा। योजना को लेकर प्रशासन की ओर से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कृषि अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों के लिए 2 प्रतिशत कृषक प्रीमियम राशि निर्धारित है, जिसके अनुसार कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि 1100 रुपए धान सिंचित एवं 840 रुपए धान असिंचित हेतु प्रति हेक्टेयर की दर से देय होगा।

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला में खरीफ मौसम की फसलों के लिए किसान आगामी 31 जुलाई तक बीमा करा सकते हैं।

योजना के तहत कोई भी किसान अपनी फसल का बीमा करा सकता है। उन्होंने बताया कि पहले बीमा कराने की योजना ऋणी व गैर ऋणी किसानों के लिए अलग–अलग निर्धारित थी। जिसके तहत बैंक से ऋण लेकर खेती करने वाले किसान का बैंक, स्वयं पैसा काटकर उनकी फसल का बीमा कर देते थे, लेकिन अब सरकार ने उन किसानों के लिए भी इसमें छूट प्रदान की है। अगर किसान ने अपने खेत में बोई वास्तविक फसल की जगह गलती से दूसरी अन्य फसल का बीमा हो गया या करा लिया है तो किसान संबंधित बैंक को फसल बदलने की सूचना 29 जुलाई तक अवश्य भेज दें ताकि बाद में बीमा क्लेम के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।

उन्होंने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कई फायदे है। योजना के तहत प्राकृतिक आपदा से किसानों को होने वाले नुकसान जैसे आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि, जलभराव व अन्य प्राकृतिक कारणों से होने वाले नुकसान के लिए बीमित फसल का मुआवजा दिया जाता है। फसल नुकसान होने पर 72 घंटों के भीतर किसान को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को निर्धारित प्रारूप में फसल खराब होने की सूचना देना आवश्यक है।

## एक नजर

### फिर पकड़ाया 9 किलो गांजा, कार-मोबाईल भी बरामद

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

ओडिशा से गांजा लेकर बलौदा बाजार जा रही कार सवार चार लोगों से पुलिस ने 9 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट 20 (बी) के तहत कार्रवाई की है। मामला बसना थाना क्षेत्र के पदमपुर रोड श्री राम जानकी मंदिर के पास की है। पुलिस के मुताबिक उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से आ रही जायलो क्रमांक सीजी 22 एबी 0292 में कुछ लोग गांजा लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर पदमपुर रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर के पास घेराबंदी की और उक्त कार को रोक लिया और कार की जांच की। इस दौरान कार में सवार बलौदा बाजार सरसीवां निवासी जावेद खान 26, सत्यपाल चौहान 22, हलधर साहू 27 और हरी साहू के पास से 9 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों से 1.80 लाख रूपए का गांजा, 8 लाख रूपए कीमत की कार और 15 हजार रूपए कीमत का 4 नग मोबाईल जब्त किया।

### गोबर के बाद अब गौ मूत्र भी खरीदेगी- भूपेश सरकार

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

गौ पालकों को गोबर के गौमूत्र में बॉयो फर्टिलाइजर और बॉयो इंसेक्टिसाइड तैयार किए जाते की समस्याओं, ग साथ अब गौ–मूत्र भी आय का जरिया होगा। 20 जुलाई से जिले की हैं। गौमूत्र में यूरिया सहित अनेक मिनरल और एन्जाइम्स भी होते है। शिकायतों का र दो गौठानों बम्हनी और बड़गांव से इसकी शुरूआत होगी। मुख्य फर्टिलाइजर के रूप में गौमूत्र इस्तेमाल से पौधों की ऊँचाई और जड़ महालेखाकार ले – कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने बताया कि अभी हाल दो गौठानों में गौमूत्र की खरीदी 20 जुलाई से की जाएगी। इसके लिए सभी जरूरी तैयारी और संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। गया है। उन्होंने कहा कि इससे पशुपालकों को काफी फायदा होगा। पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी में अच्छी वृद्धि होती है। ग्वालियर की पह मिट्टी में भी लाभकारी अदालत हो रही जीवाणु में वृद्धि होती है। में मानव भवन, गौसून फा. इसी भारत को छुपाए 16 जैविक कीटनाशक जबलपुर संभ बनाने में किया जीपीएफ से = जाएगा। राज्य में कई लिये इस अद जगहों पर जैव अपनी शिकाय कीटनाशक पहले से पासबुक एक देते हुए बताया कि जिले में लगभग 16 हजार से ज्यादा गौठानों में बनाए जा रहे हैं। लेकिन, अब इसे संगठित रूप दिया जा रहा है। उपस्थित हो मवेशी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि बिरकोनी में 1384 गौवंशी और गौमूत्र की खरीदी से पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी और उनको ने जबलपु बड़गांव में 983 पशु हैं। उन्होंने बताया कि गौमूत्र में पाए जाने वाला आर्थिक स्थिति भी और बेहतर होगी। पशुपालकों को इससे फायदा कर्मचारियों यूरिया बहुत से कीटों और बीमारियों को नियंत्रित करता है। गौमूत्र होगा। सरकार के इस कदम से गाय की बेहतर सुरक्षा होगी। पशुपालकों अदालत में गौठान समिति के जरिए खरीदा जाएगा। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार की भी आय बढ़ेगी।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों की भर्ती हेतु दावा आपत्ति उपरांत मेरिट सूची प्रकाशित

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों की पात्र.अपात्र अभ्यर्थियों की दावा आपत्ति उपरांत मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया। जिसमें 13 पदों की भर्ती पूर्ण किया जा चुका है तथा स्टॉफ नर्स, एनआरसी, नर्सिंग आईसीयू, एएनएम, एएनएम आरबीएसकेए सिक्योरिटी गार्ड में तकनीकी त्रुटियों के कारण उक्त 5 पदों हेतु अभ्यर्थियों के दावा आपत्तियों को शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि पुन: दावा आपत्ति 09 जून 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया। जिसका द्वितीय दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् पात्र–अपात्र तथा मेरिट सूची का प्रकाशन कर जिले के वेबसाइट में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी उक्त सूची का अवलोकन पर कर सकते है।

### जिले में 375.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 18 जुलाई तक 375.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू–अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 455.5 मिली मीटर, पुसौर में 502, खरसिया में 341.7, सारंगढ़ में 570.7, बरमकेला में 394.1, घरघोड़ा में 292, तमनार में 440.1, लैलूंगा में 295.8, धरमजयगढ़ में 263.1, सरिया 275.1 एवं छाल तहसील में 297 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़
कार्यालय धरमजयगढ़
मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in